आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारत मंडपम में लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– 42 देशों के चुनावी प्रबंधन निकायों के प्रमुख हुए शामिल।
- विद्युत विभाग की ओर से केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र की शुरूआत की गई है।
- केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, कोलकाता की ओर से श्री विजयपुरम में 9 फरवरी से सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा।
- स्पाइस प्रवाह पहल के तहत लौंग उत्पादकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 42 चुनावी प्रबंधन निकायों के प्रमुखों ने भाग लिया। निर्वाचन आयोग ने बताया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस सत्र में लगभग 60 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विभिन्न देशों के EMB प्रमुख और उच्चायुक्त शामिल थे। EMB लीडर्स प्लेनरी एक ऐसा मंच है जो चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों, वरिष्ठ नेताओं और राजदूतों को लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर उच्च स्तरीय विचारों के आदान–प्रदान के लिए एक साथ लाता है। अंतर्राष्ट्रीय IDEA के अध्यक्ष के रूप में भारत ने वर्ष 2026 के लिए अपनी विषयगत प्राथमिकताओं को साझा किया। EMB नेताओं और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने लोकतंत्र और चुनाव प्रशासन के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के हिस्से के रूप में, कल लोक निवास में मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मणिपुर के निवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर एक संवाद और अनुभव साझा करने के सत्र का आयोजन किया गया, जहाँ प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए।

मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के महत्व और उनके इतिहास पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी 50वीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे वर्ष 2015 में शुरू किया था। इसके बाद से प्रगति ने प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के माध्यम से प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं और जन शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी तथा समाधान को सक्षम बनाकर, शासन व्यवस्था में परिवर्तन किया है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग ने बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक 24X7 केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और एक समर्पित उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र की शुरूआत की है। आपदा प्रबंधन भवन में स्थापित यह नियंत्रण कक्ष पूरे द्वीपसमूह में बिजली संबंधी शिकायतों के पंजीकरण, निगरानी और समाधान के लिए एक एकल खिड़की मंच के रूप में कार्य करता है। इस पहल का उद्देश्य शिकायतों का त्वरित पंजीकरण, व्यवस्थित ट्रैकिंग और समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक टोल–फ्री नंबर 1800–345–1111 शुरू किया गया है।

<><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेटों ने, एनसीसी निदेशालय के उप महानिदेशक कमोडोर एस. राघव और एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों के साथ, कल लोक निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात द्वीप समूह में चल रहे विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर का हिस्सा थी। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और कैडेटों को भारत की समृद्ध विरासत और इतिहास को बेहतर ढंग से समझने के लिए किया जा रहा है। उपराज्यपाल ने कैडेटों के साथ मुलाकात कर इस तरह के शिविरों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

उप–पंजीयक, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, कोलकाता पीठ की ओर से श्री विजयपुरम में 9 फरवरी से 20 फरवरी तक सर्किट बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि के दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले CAT के समक्ष लंबित पड़े हैं, उनसे अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ सरकारी वकील या पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करने को कहा गया है। सभी विभागाध्यक्षों से अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर न्यायाधिकरण में उपस्थित रहने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

द्वीप समूह में मसाला खेती को बढ़ावा देने के लिए स्पाइस प्रवाह पहल के तहत सिप्पीघाट के ऑर्गेनिक हॉर्टिकल्चर और बिम्बलीटान में एक किसान के खेत में लौंग उत्पादकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य श्रम पर निर्भरता कम करना और वैज्ञानिक तरीकों से कटाई की दक्षता में सुधार करना था। क्यारी और भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान, कोझिकोड के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अनीस के. ने तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को लौंग की पारंपरिक कटाई के लिए नई 'इंड्यूस्ड हार्वेस्टिंग' तकनीक के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में आस–पास के गाँवों के लगभग 50 किसानों और विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

निकोबार वन प्रभाग, कैंपबेल बे में 'मज़दूर' के पद के लिए आवेदन करने वाले सभी संबंधित पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की सूची निकोबार वन प्रभाग, कैंपबेल बे, के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। सूची वन विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई हैं। इस संबंध में उम्मीदवार जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने दावे और आपत्तियाँ निकोबार वन विभाग के भर्ती प्रकोष्ठ में 31 जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच भेज सकते हैं।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से नेताजी खेल परिसर स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। ये नियुक्तियाँ पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होंगी, जो भारत सरकार के खेल और युवा मामले मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया योजना के जारी रहने तक, अधिकतम 4 वर्ष की अवधि के लिए होंगी।

इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से निदेशालय, खेल और युवा मामले के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और राज्य पोर्टल पर उपलब्ध हैं। आवेदन 27 जनवरी से 16 फरवरी शाम 5 बजे तक खेल सचिव या खेल निदेशक के पते पर किया जा सकता है।

<><><><><><><>

माई भारत और अंडमान महिला मंडल की ओर से कल जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लिटिल अंडमान, फरारगंज और प्रातरापुर ब्लॉक के विजेताओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री और स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चंद्र लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से अपनी क्षमता को पहचानने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने और नशली दवाओं से दूर रहने का आह्वान किया। माई भारत के संयुक्त निदेशक सुख रंजन विश्वास ने भी अनुशासन एवं टीम वर्क विकसित करने में खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>